**02/09**/202**5**

आकाशवाणी ईटानगर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था निरंतर गतिशील है और दुनिया में सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। आज चेन्नई में सिटी यूनियन बैंक के 120वें स्थापना दिवस समारोह में अपने संबोधन में, राष्ट्रपति ने ज़ोर देकर कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से भारत का प्रत्येक नागरिक आर्थिक रूप से सशक्त है।

0000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत एक मज़बूत सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम तैयार कर रहा है, जो देश को आत्मनिर्भर और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाएगा। आज नई दिल्ली में सेमीकॉन इंडिया-2025 का उद्घाटन करने के बाद जनसमूह को संबोधित करते हुए, श्री मोदी ने इस बात पर ज़ोर दिया कि वैश्विक सेमीकंडक्टर बाज़ार पहले ही छह सौ अरब डॉलर तक पहुँच चुका है और आने वाले वर्षों में इसके एक ट्रिलियन डॉलर को पार कर जाने की उम्मीद है।

0000000000000000000000

शिक्षा मंत्री, पी.डी.सोना ने आज ईटानगर में निजी स्कूलों के लिए दिशानिर्देशों पर एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में रेग्युलेट्री मेज़र्स को मज़बूत करने के साथ ही यह सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया कि निजी स्कूल सभी को गुणवत्तापूर्ण और समान

शिक्षा प्रदान करने के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप हों। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, शिक्षा मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार छात्र-केंद्रित शिक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

0000000000000000000000

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री, ओजिंग तासिंग ने आज डीसी कॉन्फ्रेंस हॉल बोलेंग में टाउन प्लानिंग बैठक में भाग लिया। बैठक में शहरी विकास योजना की अंतिम रिपोर्ट की समीक्षा की गई और बोलेंग के विकास और विस्तार के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण पर विचार-विमर्श किया गया। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री तासिंग ने इस बात पर ज़ोर दिया कि यह रिपोर्ट समग्र और समावेशी विकास सुनिश्चित करते हुए आर्थिक विकास के अवसर पैदा करेगी और नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाएगी, जिससे बोलेंग आने वाली पीढ़ियों के लिए एक जीवंत और सुनियोजित शहरी समूह बन जाएगा।

0000000000000000000000

आज से हरियाणा के करनाल में शुरू हुए अखिल भारतीय मेयर परिषद की तिरेपनवीं वार्षिक आम बैठक में, ईटानगर नगर निगम के मेयर, तामे फ़ासांग, भाग ले रहें हैं। बैठक में श्री फसांग, बुनियादी ढाँचे के विकास, सतत शहरी प्रथाओं और नागरिक-केंद्रित पहलों में आईएमसी की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए ईटानगर की यात्रा प्रस्तुत करेंगी।

0000000000000000000000

गुमशुदा होने की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए, SI सनी होदोंग के नेतृत्व में नाहरलागुन पुलिस टीम ने आज असम के तेजपुर स्थित लिखोक गाँव से एक 17 वर्षीय लड़की को सफलतापूर्वक खोज निकाला और आरोपी भी मौके पर ही पकड़ा गया। नाहरलागुन पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया। आगे की जाँच जारी है। इस बीच, नाहरलागुन SP डॉ. न्येलाम नेगा ने युवाओं से उज्जवल भविष्य के निर्माण के लिए शिक्षा, कौशल और व्यक्तिगत विकास पर ध्यान केंद्रित करने की अपील की है।

0000000000000000000000

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) और राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) के एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल द्वारा आपदा जोखिम के दृष्टिकोण से एसडीएमए और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) तवांग जिले की आपदा तैयारियों और प्रतिक्रिया तंत्रों की समीक्षा और उन्हें सुदृढ़ करने के उद्देश्य से तवांग का दौरा किया। तवांग उपायुक्त नामग्याल आंगमो की अध्यक्षता में इस बैठक में एनडीएमए, एसडीएमए, जिला प्रशासन और विभिन्न संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

0000000000000000000000

कर्मचारियों में पेशेवर ज़िम्मेदारियों और व्यक्तिगत स्वास्थ्य के बीच एक स्वस्थ संतुलन बनाए रखने के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, नाहरलागुन स्थित डाइरेक्टोरेट ऑफ़ प्रींटिग एण्ड

स्टेशनरी में आज कार्यस्थल पर तनाव प्रबंधन पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशला में डॉ. धर्मेश्वरी लौरेम्बाम एवं डॉ. लीयिर एते ने सभी प्रतिभागियों को व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान किया।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के 15 जिलों तवांग, ईस्ट कामेंग, वेस्ट कामेंग, पाके केसांग, पापुम पारे, लोअर सुबनसिरी, शी योमी, ईस्ट सियांग, लोअर सियांग, लेपा राडा, लोअर दिबांग वैली, लोहित, नामसाई, तिराप और लोंगदिंग के लिये अगले 24 घंटों में ग़रज के साथ बिजली गिरने और तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

0000000000000000000000

ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम के तहत, केई पन्योर जिला पर्यटन विभाग ने अपना पहला होमस्टे लाइसेंस जारी किया जिसे जिला उपायुक्त श्वेता नागरकोटी, ने सर्कल अधिकारी जॉन दिरू की उपस्थिति में आधिकारिक तौर पर सौंपा।

0000000000000000000000

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल की अध्यक्षता में जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा भारत मंडपम, में आयोजित गोलमेज सम्मेलन एवं संवाद में राज्य के लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं जल आपूर्ति मंत्री मामा नातुंग ने भाग लिया और राज्य स्वच्छता कार्यक्रम की आवश्यकताओं को रखाकित किया।

बैठक में केंद्रीय मंत्री ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रदर्शन की समीक्षा की और सभी से स्वच्छ भारत मिशन-2.0 के अंत से पहले लक्ष्यों को हासिल करने के निर्देश दिए।

0000000000000000000000